
5000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

५000रु. Rs 5000





76204

विक्रय–पत्र अंकनः 72,000 / –रूपये।
मालियत बाजारी अंकनः 72,000 / –रूपये।
स्टाम्प शुल्क अंकनः 7,200 / –रूपये।

विक्रय–पत्र ओर से श्री गजराज सिंह पुत्र श्री चमन सिंह व श्री सतपाल सिंह पुत्र श्री चमन सिंह निवासी ग्राम सिवाया जमाउल्लापुर परगना दौराला तहसील सरधना जिला मेरठ, के :–

जोकि 150 वर्ग मीटर भूमि (एक सौ पचास वर्ग मीटर भूमि) मिनजुमले नम्बर खसरा 570 स्थित ग्राम सिवाया जमाउल्लापुर परगना दौराला व तहसील सरधना जिला मेरठ के हम प्रतिज्ञाकारीगण व्यक्तिगत स्वामी एवं वास्तविक अधिकारी तथा भूमिधर है। उपरोक्त भूमि आज की तिथि तक प्रत्येक प्रकार के ऋण तथा भार

1000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

२000रु. Rs 1000

भारत

एक हज़ार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

040899



ATTESTED

अनुराग
एडवोकेट
सिविल कोर्ट, मेरठ

::2::

आदि से उऋण एवं वैधानिक त्रुटियों एवं दोषों आदि से मुक्त तथा रहित है तथा हम प्रतिज्ञाकारीगण ने उपरोक्त भूमि को कहीं पर बन्धक अथवा भारग्रस्त नहीं किया हुआ है अर्थात उपरोक्त भूमि आज की तिथि तक हर तरह से पाक व साफ है और हमको व्यक्तिगत स्वामी एवं वास्तविक अधिकारी होने के नाते उसके विक्रय तथा हस्तान्तरित आदि करने के समस्त स्वामित्व एवं अधिकार प्राप्त है। कोई वैधानिक त्रुटि अथवा दोष हमारे विक्रय अधिकारों में बाधक नहीं है। उपरोक्त भूमि का मूल्य हमें निम्न क्रेता से अंकन 72,000/– रुपये (बहत्तर हजार रुपये) तय है कि जो अति उचित एवं वर्तमान बाजारी मूल्य के अनुकूल है। अतः उपरोक्त वर्णित भूमि को उससे सम्बन्धित समस्त अधिकार, स्वामित्व एवं अधिपत्य आदि सहित, बिना छोड़े हुये किसी भी स्वत्व अथवा अधिकार के, चाहे उसका वर्णन इस विक्रय विलेख में किया गया हो या न किया गया हो, स्थिर मस्तिष्क

1000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

१000रु.

Rs 1000

भारत


एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

040650



एवं स्वस्थ इन्द्रियों की दशा में अंकन 72,000/--रुपये (बहत्तर हजार रुपये) विक्रय मूल्य के उपलक्ष्य में हस्ते श्री संजय गुप्ता पुत्र स्व0 श्री आर0 के0 गुप्ता निवासी ए-2 शास्त्री नगर, मेरठ शहर को विक्रय कर दिया और बेच डाला और समस्त विक्रय मूल्य निम्न प्रकार क्रेता से प्राप्त करके विक्रीत भूमि को अपने अधिकार, स्वामित्व एवं अधिपत्य आदि से निकालकर क्रेता के अधिकार, स्वामित्व एवं अधिपत्य आदि में देकर व्यक्तिगत स्वामी एवं वास्तविक अधिकारी बना दिया और अब हम प्रतिज्ञाकारीगण का कोई सम्बन्ध भविष्य के लिये विक्रीत भूमि से शेष नहीं रहा और न होगा। वास्तविक परिवर्तन कार्यान्वित हुआ। यह विक्रय पूर्णतया उचित, वैधानिक एवं मान्य है तथा प्रयोग होने योग्य है, विक्रीत भूमि का वास्तविक एवं भौतिक अधिपत्य स्थल पर क्रेता को प्रदान कर दिया है और क्रेता ने कब्जा प्राप्त कर लिया है। क्रेता उसमें अपना निर्माण अपनी इच्छानुसार करने के


100Rs.






अधिकारी रहेगें, किसी को कोई आपत्ति न होगी। क्रेता अपना नाम राजस्व अभिलेखों में अंकित कराने के पूर्ण अधिकारी रहेंगे, यदि इस हेतु हमारी सहमति प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी तो उसको हम समयानुसार पूर्ण करने के पाबन्द रहेंगे, कोई आपत्ति ना होगी। यदि आज की तिथि से पूर्व कोई डयूज विक्रीत भूखण्ड पर बकाया पाया जायेगा तो उसको चुकता करने का भार हम विक्रेता के जिम्मे होगा और आज की तिथि के बाद समस्त डयूज एवं टैक्सेज स्वयं क्रेता वहन करेंगे, कोई आपत्ति ना होगी । यदि अब अथवा भविष्य में विक्रीत भूमि अथवा उसका कोई अंश क्रेता के अधिकार, स्वामित्व एवं अधिपत्य आदि से निकल जायेगा अथवा कोई ऋण या भार आदि पाया जायेगा और क्रेता को अपने अधिकारों की सुरक्षा के लिये चुकता करना पड जायेगा अथवा यह विक्रय पत्र किसी न्यायालय द्वारा खण्डित हो जायेगा तो ऐसी प्रत्येक वैधानिक दशा में क्रेता

100Rs.






के वापसी विक्रय मूल्य अथवा उसका अंश जैसी भी दशा हो मय क्षति व खर्चा व वाद व्यय व ब्याज आदि सहित वापस चुकता करने का भार हम विक्रेता तथा हमारे उत्तराधिकारी सहित उनकी चल व अचल सम्पत्ति समस्त प्रकार पर रहेंगा, किसी को कोई आपत्ति न होगी। अतः यह विक्रय पत्र लिख दिया कि सनद हो और उचित समय पर काम आवे।इति।।

सीमायें विक्रीत भूमि :–

| | | |
|---|---|---|
| पूरब | : | 68 मीटर तत्पश्चात आनर्स लेन्ड । |
| पश्चिम | : | 68 मीटर तत्पश्चात खसरा नम्बर 570 का पार्ट श्री गजराज सिंह आदि। |
| उत्तर | : | 2.20 मीटर तत्पश्चात खसरा नम्बर 569 व फैक्ट्री । |
| दक्षिण | : | 2.20 मीटर तत्पश्चात आदर्स लेन्ड । |

अन्य विवरण :-

1. विक्रीत भूमि आवासीय है।
2. विक्रीत भूमि के स्थल के लिए जिलाधिकारी मेरठ द्वारा निर्धारित मूल्य सूची के अनुसार सर्किल रेट 480/- रूपये प्रति वर्ग मीटर है।
3. विक्रीत भूमि पीछे के क्षेत्र में स्थित है।
4. विक्रीत भूमि अर्द्ध-नगरीय क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित है।

विवरण प्राप्ति विक्रय मूल्य :-

§1§ अंकन: 36,000/=रूपये §छत्तीस हजार रूपये§ द्वारा चैक संख्या 6488050 दिनांक 08.09.2004 ई0 मौसूमा दी जम्मू एण्ड कश्मीर बैंक लि0, मेरठ प्राप्त किये।

§2§ अंकन: 36,000/=रूपये§छत्तीस हजार रूपये§ द्वारा चैक संख्याT6488049 दिनांक 08.09.2004 ई0 मौसूमा दी जम्मू एण्ड कश्मीर बैंक लि0, मेरठप्राप्त किये।

सत्यपाल सिंह

राजरानी

ग0 B. R. Misra
S/o Late Sh. G. P. Misra
159/10, Shastri Nagar,
Meerut

ग0 ब... ...
...

तहरीर तारीख 08.09.2004 ई0 मसाविदा श्री देवेन्द्र कुमार गर्ग, दस्तावेज, मेरठ।।

D. K. GARG
L. No. 13
Valid up to 31-3-2005

18/9/04

I 463

145 / 150 9099

14/9/04